


# 2nd PHASE PROSPECTUS

## FOR ADMISSION IN INTER SESSION- 2025-2027

# S S +2 HIGH SCHOOL SIMARIA

## BLAV OF JHARKHAND



# BLOCK LEVEL AADARSH VIDYALAY OF JHARKHAND

## 2nd PHASE PROSPECTUS OF ADMISSION




**INTERMEDIATE ADMISSION 2025-2027 IN ARTS / SCIENCE /COMMRECE**

**DETAILS OF ADMISION PROCEDURE**

विद्यालय में इंटर में नामांकन प्रवेश परीक्षा आयोजित कर मेधा क्रम के आधार पर लिया जाएगा।

## यह पूरी नामांकन प्रक्रिया निम्न चरणों में संपन्न होगी।

1. जैक बोर्ड का मैट्रिक का रिजल्ट आने के बाद नामांकन हेतु में प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यालय के वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरना होगा, जिसमें मैट्रिक में I A & I SC के लिए **न्यूनतम प्राप्तांक अंक सामान्य के छात्र का 65 प्रतिशत एवं सभी कोटि के छात्रा तथा ST/SC/BC-I/BC-II कोटि के छात्रों का 60 प्रतिशत तथा I COM के लिए सिर्फ मैट्रिक पास** होना अनिवार्य होगा।
2. प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के स्क्रुटनी के बाद सही पाए गए आवेदकों की सूची एवं परीक्षा हेतु उसके पासकोड वेबसाइट में प्रकाशित किया जाएगा, जिसको आवेदक नोट कर लेंगे।
3. नामांकन हेतु इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि को विद्यालय में आयोजित ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए वह अपने साथ एक स्मार्टफोन जिसमें इंटरनेट की सुविधा एवं पर्याप्त बैटरी चार्ज हो, पासकोड एवं ओरिजिनल मार्कशीट लेकर आना अनिवार्य होगा।

4. परीक्षा 1 घंटे का 60 प्रश्न हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, एवं गणित आधारित होगा।

5. परीक्षा का प्रारूप OBJECTIVE QUESTION TYPE रहेगा, जिसमें Multiple Option Type वाले प्रश्न पूछे जाएंगे।

6. परीक्षा की समाप्ति के बाद उनके नामांकन हेतु निर्धारित तिथि को विद्यालय में उपलब्ध सीट के अनुपात में प्रवेश परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों की मेधा सूची वेबसाइट में जारी की जाएगी।

7. प्रवेश परीक्षा में चयनित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक विद्यालय में आकर अपना संबंधित संकाय में नामांकन करा पाएंगे।

8. निर्धारित तिथि तक नामांकन नहीं करने पर उनके खाली सीट में प्रवेश परीक्षा के मेधा क्रम में उनसे नीचे वाले विद्यार्थियों का सूची जारी कर नामांकन कर लिया जाएगा।


# नामांकन प्रक्रिया द्वितीय चरण में निम्न तिथि के अनुसार संचालित किया जा सकेगा।

| क्र.सं. | नामांकन प्रक्रिया | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन की तिथि | 01.07.2025 से 06.07.2025 तक |
| 2 | प्राप्त आवेदन की स्क्रुटनी एवं पासकोड का वेबसाइट में प्रकाशन की तिथि | 08-07-2025 |
| 3 | नामांकन हेतु ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के आयोजन की तिथि | 10.07.2025 |
| 4 | प्रवेश परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर मेधा सूची के प्रकाशन की तिथि | 11.07.2025 |
| 5 | चयनित विद्यार्थियों का विद्यालय में नामांकन की तिथि | 12.07.2025 से 16.07.2025 तक |
| 6 | खाली सीट रहने की स्थिति में द्वितीय चयनित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन की तिथि (अनिवार्य नहीं है) | 17.07.2025 |
| 7 | द्वितीय सूची प्रकाशन की स्थिति में इनका नामांकन हेतु तिथि | 18.07.2025 से 19.07.2025 तक |


यह पूरी प्रक्रिया विद्यालय के वेबसाइट **www.plus2simaria.co.in** के माध्यम से किया जाएगा।

# ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया.


1. विद्यार्थी **Google Crome** में जाकर **plus2simaria** सर्च करेंगे।




2. प्राप्त रिजल्ट में से विद्यालय के वेबसाइट **www.plus2simaria.co.in** पर क्लिक करेंगे।




# 3. विद्यालय का वेबसाइट खुल जाएगा।



4. आवेदक होम पेज में दिख रहे ''इंटर सत्र 2025–2027 में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन'' पर क्लिक करेंगे।



5. इसके बाद एक आवेदन फार्म का पेज खुलेगा, जिसमें सारी **DETAILS** मैट्रिक के मार्कशीट के अनुसार सही–सही अंग्रेजी के **CAPITAL LETTERS** में भरेंगे।




6. इसके साथ ही ओरिजिनल मार्कशीट का साफ स्पष्ट फोटो अपलोड करेंगे तथा **SUBMIT** पर क्लिक करेंगे। आवेदन फार्म सबमिट हो जायेगा।

प्राप्त आवेदन के स्क्रुटनी के बाद योग्य आवेदकों की सूची तथा परीक्षा हेतु पासकोड विद्यालय के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी, जिसे आवेदक सावधानी पूर्वक नोट कर लेंगे, चाहे तो उसका स्क्रीनशॉट लेकर रख लेंगे।

# ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा का आयोजन

1. निर्धारित तिथि को ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा हेतु विद्यार्थी अपने साथ एक इंटरनेट युक्त फुल बैटरी चार्ज वाला स्मार्टफोन तथा ओरिजिनल मार्कशीट लेकर परीक्षा प्रारंभ प्रातः 10.00 बजे से एक घंटा पहले विद्यालय पहुंच जाएंगे।
2. परीक्षा हॉल में शिक्षक को मार्कशीट दिखाने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।
3. परीक्षा प्रारंभ होने से आधा घंटा पहले 09.30 बजे एक क्यु आर कोड परीक्षा हॉल में उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे विद्यार्थी फोन के **Scanner** से स्कैन करके परीक्षा का लिंक अपने फोन में प्राप्त कर सकेंगे।
4. निर्धारित समय पर परीक्षा का लिंक एक्टिव हो जाएगा एवं विद्यार्थी परीक्षा दे पाएंगे।

परीक्षा **OBJECTIVE QUESTION TYPE** में **Multiple Option Type** के प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न के दिए गए चार उत्तरों में से सही उत्तर पर क्लिक करना है। सभी प्रश्नों के उत्तर देने के बाद विद्यार्थी सबमिट बटन पर क्लिक करके परीक्षा समाप्त कर पाएंगे। परीक्षा की अवधि समाप्त होने पर स्वतः परीक्षा समाप्त हो जाएगी और परीक्षा सबमिट होकर लॉक हो जाएगा।

परीक्षा में निम्न संख्या के अनुसार 5 विषयों से 60 प्रश्न रहेंगे।

| क्र.सं. | विषय का नाम | प्रश्नों का संख्या |
|---|---|---|
| 1 | हिंदी | 10 |
| 2 | अंग्रेजी | 10 |
| 3 | विज्ञान | 15 |
| 4 | सामाजिक विज्ञान | 15 |
| 5 | गणित | 10 |
| | कुल | 60 |

परीक्षा की अवधि 1 घंटे की होगी।

ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा, तभी उनका मेघा क्रम में नाम का चयन हो पाएगा।

++ निर्धारित तिथि को विद्यार्थी विद्यालय की वेबसाइट में मेघासूची तथा चयनित विद्यार्थियों का नाम देख पाएंगे।

++ नामांकन हेतु चयनित विद्यार्थी निर्धारित तिथि तक अपना नामांकन विद्यालय कार्यालय में आकर कराना सुनिश्चित करेंगे।

++ उक्त अवधि तक नामांकन नहीं करने की स्थिति में खाली रह गए सीटों पर परीक्षा के मेघा क्रम में उनके नीचे वाले विद्यार्थियों की सूची जारी कर उनका नामांकन लिया जाएगा।

# विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया

प्रवेश परीक्षा में सफल विद्यार्थी निर्धारित तिथि को विद्यालय अवधि में निम्नलिखित आवश्यक कागजात के साथ अपने पिता/अभिभावक के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## नामांकन हेतु आवश्यक कागजात

1. मैट्रिक का मार्कशीट – दो फोटो कॉपी
2. मैट्रिक का एडमिट कार्ड – एक फोटो कॉपी
3. विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र **(SLC)** – ओरिजनल कॉपी
4. आधार कार्ड – एक फोटो कॉपी
5. बैंक पासबुक – एक फोटो कॉपी
6. जाति प्रमाण पत्र **(ST/SC/BC-I/BC-II)** – एक फोटो कॉपी
7. आय प्रमाण पत्र – एक फोटो कॉपी
8. आवासीय प्रमाण पत्र – एक फोटो कॉपी
9. तीन रंगीन (फोटो फोटो में चेहरा सीधा होना चाहिए)
10. अभिभावक शपथ पत्र (वेबसाइट तथा प्रोस्पेक्टस में उपलब्ध)

विद्यार्थी के पिता/अभिभावक विद्यालय के नामांकन काउंटर से चयनित संकाय **ARTS/SCIENCE/COMMERCE** का नामांकन फॉर्म सभी कागजात जमा करके तथा ₹100 शुल्क देकर प्राप्त करेंगे।

फॉर्म को पूर्ण रूप से साफ–साफ स्पष्ट शब्दों में भरकर फोटो साट कर एवं हस्ताक्षर करके डाटा एंट्री काउंटर **(DATA ENTRY COUNTER)** में जाएंगे, जहां उन्हें एक क्यूआर कोड दिया जाएगा, जिसे स्कैन करने पर एक नामांकन हेतु डाटा एंट्री फॉर्म **(DATA ENTRY FORM)** खुलेगा, जिसे बहुत सावधानी पूर्वक मैट्रिक के मार्कशीट एवं अन्य कागजातों के आधार पर अंग्रेजी के **(CAPITAL LETTERS)** में भरेंगे तथा अंत में सबमिट पर क्लिक करेंगे।

डाटा एंट्री फॉर्म भरने के बाद प्रतिनियुक्ति कर्मी आपका नामांकन कर रोल नंबर एवं फीस का एंट्री नामांकन फार्म के ऊपर में लिखकर दे देंगे।

रोल नंबर प्राप्त करने के बाद फीस काउंटर में जाकर फीस जमा करके नामांकन रसीद प्राप्त कर लेंगे।

नामांकन रसीद प्राप्त होने के बाद एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाएगा, जिसमें विद्यालय में कक्षा प्रारंभ की सूचना दी जाएगी।